# सीखने की संप्राप्ति

आधारित

# प्रश्न कोश

तीसरी कक्षा के लिए

# आमुख

## सीखने की संप्राप्ति आधारित प्रलेख

बच्चा विद्यालय में प्रवेश करने से पूर्व अपने निजी अनुभव, परिवेश व विचार से अपनी भाषा गढ़ता है। इस गढ़ी भाषायी पूँजी को विद्यालयीय स्तर पर उपयोग कर, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत भाषा के चारों कौशल अर्थात् श्रवण-वाचन-पठन-लेखन के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के तत्त्वाधान में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अन्तर्गत निर्धारित 2005पुस्तकों पर आधारित उपलब्धि परीक्षण, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के सरलीकरण, शिक्षार्थी से वाञ्छित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सीखने की सम्प्राप्तियाँ कक्षावार निर्धारित की गई हैं। यह प्रलेख राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार) के विद्यालयीय शिक्षा के गुणात्मक सुधार की निरन्तरता में सीखने की सम्प्राप्ति आधारित एक प्रयास है।

प्रलेख सम्बन्धी विवरण :

१. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के लिए निर्धारित हिन्दी पाठ्यक्रम से सम्बन्धित है।
२. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यानगत कर, सीखने की सम्प्राप्तियों पर आधारित हैं।
३. इसे सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को सरल करने व छात्र केन्द्रित बनाने के उद्देश्य को दृष्टिगत कर सृजित किया गया है।
४. प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ में सम्बन्धित सीखने की सम्प्राप्तियाँ टंकित की गई हैं।
५. इस प्रलेख की विषय-वस्तु, सीखने की सम्प्राप्तियों हेतु सुझावात्मक प्रारुप है। अध्यापक अपने स्तर पर इस सातत्यता/निरन्तरता में निजी प्रयास हेतु स्वतन्त्र है।
६. इसकी संरचना तर्कसंगत और तथ्यपूर्ण है।
७. इस प्रलेख संरचना में स्व-स्व मतिभिन्न विषयक, व्याकरणिक त्रुटि सम्भव है तथा त्रुटिजन्य सुझाव जो सुधीजनों से अपेक्षित, इस प्रलेख को और भी परिमार्जित करने में सहायक सिद्ध होंगे।
८. इस प्रलेख के परिमार्जन में आपके मूल्यवान सुझाव व टिप्पणियाँ, इसके आगामी संस्करण की उत्कृष्टता व गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

## प्रलेख सृजन समिति

विषय : **हिन्दी (सीखने की सम्प्राप्ति आधारित प्रलेख)** कक्षा : **पहली से आठवीं**

**मुख्य समन्वयक :** **श्रीमती रंजना श्रीवास्तव**
प्राचार्या, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**सृजन समिति :**

**सुदेश वधावन**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
सैक्टर – 45, चण्डीगढ़

**गायत्री सांगवान**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
रायपुर खुर्द, चण्डीगढ़

**अंजू ठाकुर**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
सैक्टर – 38 (वैस्ट), चण्डीगढ़

**बृज रानी**
शिक्षिका, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**दिनेश चन्द्र**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**जसविन्दर कौर**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 22 ए,
चण्डीगढ़

**गजराज सिंह**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, सैक्टर – 53, चण्डीगढ़

**राकेश दहिया**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 38 (वैस्ट),
चण्डीगढ़

**राजकुमार**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**साधना**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**अजीत**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**पीयूष अग्रवाल**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 28, चण्डीगढ़

**सहयोग :** **श्री सत्यवान**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

# कक्षा - 3
## हिन्दी


| क्रमांक | पाठ सूची | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सीखने की संप्राप्ति | 6 |
| 2. | कक्कू | 9 |
| 3. | शेखीबाज़ मक्खी | 11 |
| 4. | चाँद वाली अम्मा | 13 |
| 5. | मन करता है | 15 |
| 6. | बहादुर बित्तो | 17 |
| 7. | हमसे सब कहते | 18 |
| 8. | टिपटिपवा | 19 |
| 9. | बंदर-बाँट | 20 |
| 10. | कब आऊँ | 22 |
| 11. | क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया | 23 |
| 12. | मीरा बहन और बाघ | 25 |
| 13. | जब मुझको साँप ने काटा | 27 |
| 14. | मिर्च का मज़ा | 29 |
| 15. | सबसे अच्छा पेड़ | 30 |
| 16. | उपलब्धि पत्रक | 32 |

## सीखने की संप्राप्ति

## कक्षा 3

H301. कही जा सही बात, कहानी कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।

H302. कहानी, कविता, आदि को उपयुक्त उतार-चढ़ाव, गति, प्रवाह और सही पुट के साथ सुनाते हैं।

H303. सुनी हई रचनाओं की विषय-वस्तु घटनाओं, पात्रों, शीर्षक आदि के बारें में बातचीत करते हैं, प्रश्न पूछते हैं, अपनी प्रतिक्रिया देते है, राय बताते है/ अपने तरीके सें (कहानी,कविता आदि) अपनी भाषा के व्यक्त करते हैं ।

H304. आस-पास होने वाली गतिविधियों /घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते, बातचीत करते और प्रश्न पूछते हैं।

H305. कहानी, कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी कहानी/बात जोड़ते हैं।

H306. तरह-तरह की रचनाओं /सामग्री(अखबार,बाल पत्रिका आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते है, अपनी राय देते है, शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं, पूछे गए प्रश्नो के उत्तर(मौखिक/लिखित रूप से) देते हैं।

H307. अलग-अलग तरह की रचनाओं / सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं /अपनी राय देते हैं /शिक्षक एवं अपने सहपाठियो के साथ चर्चा करते हैं, पूछे गए प्रशनो के उत्तर (मौखिक,सांकेतिक) देते हैं।

H308. अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दो को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं।

H309. तरह-तरह की कहानियों, कविताओं/रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे-शब्दों की पुनरावृति,संज्ञा,सर्वनाम,विभिन्न विराम-चिह्नों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं।

H310. अलग-अलग तरह की रचनाओं/सामग्री (अखबार,बाल पत्रिका , होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं/अपनी राय देते हैं/शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं।

H311. स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत वर्तनी के प्रति सचेत होते हुए स्व-नियंत्रित लेखन (कनवैंशनल राइटिंग) करते हैं।

H312. विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन्न में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना और लेखन के स्वरूप (जैसे-दोस्त को पत्र लिखना,पत्रिका के संपादक को पत्र लिखना) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं।

H313. विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन्न में विराम-चिह्नों,जैसे -पूर्ण विराम ,अल्प विराम, प्रश्नवाचक चिह्न का सचेत इस्तेमाल करते है।

H314. अलग-अलग तरद की रचनाओं/सामग्री( अखबार,बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर अपनी प्रतिक्रिया लिखते हैं, पूछे गए प्रश्नो के उत्तर(लिखित/ब्रेल लिपि आदिमें) देते हैं।

**विषय- हिन्दी**
**कक्षा- तीसरी**

| मास | पाठयक्रम | सीखने की संप्राप्ति |
|---|---|---|
| अप्रैल | **पाठ -1**<br>कक्कू<br><br>**पाठ-2**<br>शेखीबाज़ मक्खी | H301 H304, H305, H307, H308, H309, H310<br><br>H301-06, H308, H310, H311, H313 |
| मई | **पाठ-3**<br>चाँद वाली अम्मा<br><br>**पाठ-4**<br>मन करता है | H301, H303-08, H310, H311<br><br>H301, H303- 08, H310 |
| जुलाई | **पाठ-5**<br>बहादुर बित्तो<br><br>**पाठ-6**<br>हमसे सब कहते | H301-03, H308, H310, H313<br><br>H303, H305-06, H308, H310, H311 |
| अगस्त | **पाठ-7**<br>टिपटिपवा | H301, H303-05, H308-09, H311-12 |
| अक्तूबर | **पाठ-8**<br>बंदर-बाँट<br><br>**पाठ-9**<br>कब आऊँ | H302-06, H309-10, H313, H316, H317<br><br>H301, H303, H307, H310, H311, H315, H317 |
| नवम्बर | **पाठ-10**<br>क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया<br><br>**पाठ-11**<br>मीरा बहन और बाघ | H301, H303-06, H308-09, H314<br><br>301-08, H313 |
| दिसम्बर | **पाठ-12**<br>जब मुझको साँप ने काटा<br><br>**पाठ-13**<br>मिर्च का मज़ा | H301, H303-06, H310-11, H314<br><br>H301-03, H307-08, H310-11 |

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | **पाठ-14**<br>सबसे अच्छा पेड़ | H301-08, H310-11 |
| फ़रवरी | दोहराई | |

**कक्षा 3**

## 1. कक्कू

**सीखने की संप्राप्ति :H301 H304, H305, H307, H308, H309, H310**

प्रश्न 1. 'कक्कू' कविता में कक्कू शब्द कई बार आया है।
ऐसे और कौन-से शब्द हैं, जो बार-बार आए हैं?

.........................................................................................................................

प्रश्न 2. कक्षा में आपके कितने मित्र हैं? उनमें से चिढ़ाने वाले व प्यार से बोलने वाले मित्रों के नाम लिखो।

| चिढ़ाने वाले मित्रो के नाम | प्यार से बोलने वाले मित्रों के नाम |
|---|---|
| (i) ................................ | (i) ................................ |
| (ii) ................................ | (ii) ................................ |
| (iii) ................................ | (iii) ................................ |
| (iv) ................................ | (iv) ................................ |

प्रश्न 3. आओ पढ़ें और लिखें-

| होता | सक्कू | गाय | आए | झक्कू |
|---|---|---|---|---|
| ............... | ............... | ............... | ............... | ............... |
| रोता | कक्कू | जाए | फुलाए | |
| ............... | ............... | ............... | ............... | |

प्रश्न 4. विलोम शब्द बताओ।

मीठा - कड़वा
दिन - ................................
काला - ................................
रोना - ................................
खोना - ................................

प्रश्न 5. आपको किस-किस पक्षी की आवाज़ अच्छी लगती है?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

प्रश्न 6. आप किन-किन बातों पर मुँह फुला लेते हैं? सही (✓) का निशान लगाएँ।

(i) जब कोई डाँटता है। ☐

(ii) जब टॉफी मिलती है। ☐

(iii) कोई चिढ़ाता है। ☐

(iv) जब कोई झगड़ा करता है। ☐

(v) जब हम घूमने जाते हैं। ☐

**कक्षा 3**

## 2. शेखीबाज़ मक्खी

**सीखने की संप्राप्ति : H301-06, H308, H310, H311, H313**

प्रश्न 1. आओ पाठ से पुनरुक्त शब्द ढूँढकर लिखें।

क) उड़ती-उड़ती

ख) भिन्न- ................................

ग) ................................................................

घ) ................................................................

ङ) ................................................................

प्रश्न 2. अं (ं) वाले शब्द व चंद्रबिंदु ( ँ ) वाले शब्द पढ़ कर सुनाओ-

क) अं वाले शब्द – जंगल, पंजा, घमंड, मंद, अंत

ख) चंद्रबिंदु वाले शब्द – वहाँ, मुँह, डालूँ, जाऊँ, सूँड, फँस

ग) आधे वर्ण वाले शब्द – खत्म, मक्खी, गुस्सा, धन्य, मुस्कुराती, हिम्मत, स्नान, मुश्किल।

प्रश्न 3. महाराष्ट्र की वरली शैली में बने चित्रों में रंग भरें और देखें, कौन क्या कर रहा है? चित्र में कौन-कौन हैं?



प्रश्न 4. वाक्य पूरा करो:-

क) मक्खी ................................ थी। (आलसी/ घमंडी)

ख) लोमड़ी ................................ थी। (सबसे भोली/ सबसे चतुर)

ग) ................................ समझदार था। (हाथी/ शेर)

घ) ................................ डरपोक व आलसी था। (शेर/ बिल्ली)

प्रश्न 5. कहानी में कौन सबसे पहले और कौन सबसे बाद आया?

(जो जिस क्रम में आया उसी हिसाब से 1,2,3,4,5 नंबर लगाओ)

| | |
|---|---|
| हाथी | |
| शेर | |
| मक्खी | 1 |
| लोमड़ी | |
| मकड़ी | |

प्रश्न 6. मिलान करो-

| | |
|---|---|
| स्नान | धीरे-धीरे |
| मुश्किल | कठिन |
| गुस्सा | साहस |
| हिम्मत | नाराज़ होना |
| प्रणाम | नष्ट करना |
| बर्बाद | नहाना |
| मंद-मंद | नमस्ते |

प्रश्न 7. वचन बदलो-

पंजा - पंजे

बहन - ................................

जाला - ................................

खबर - ................................

प्रश्न 8. निम्नलिखित को पहचान कर लिखें। पक्षी हैं या पशु?

| | | |
|---|---|---|
| शेर | गाय | तोता |
| ..................... | ..................... | ..................... |
| कबूतर | घोड़ा | हिरण |
| ..................... | ..................... | ..................... |

**कक्षा 3**

## 3. चाँद वाली अम्मा

**सीखने की संप्राप्ति : H301, H303-08, H310, H311**

प्रश्न 1. चाँद, तारे, बादल, झाड़ू का चित्र बनाएँ और रंग भरे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

प्रश्न 2. 'चाँद वाली अम्मा' पाठ से उ, ऊ की मात्रा वाले शब्द ढूँढ़कर लिखें।

............................................................................................................................

............................................................................................................................

प्रश्न 3. अपने स्कूल को साफ-सुथरा रखने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे? चर्चा करें।

प्रश्न 4. चाँद वाली अम्मा अपने घर के सारे काम खुद ही करती थी। आप घर पर कौन-कौन से काम करते हो? लिखो।

............................................................................................................................

प्रश्न 5. छाँटकर खाली स्थान भरो-

(झाड़ू, शुरू, शरारती, अपना)

क) आसमान ............................................ स्वभाव का था।

ख) अम्मा के पास एक ही ............................................ थी।

ग) रस्साकशी ................................. हो गई।

घ) उसका ............................................ कोई न था।

प्रश्न 6. पढ़ो व प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

बहुत समय पहले की बात है। एक बूढ़ी अम्मा थी। एक दिन कुएँ पर पानी भरने को लेकर अम्मा का किसी और से झगड़ा हो गया। अम्मा ज़रा गुस्से में थी। वह झाड़ू उठाकर आँगन में गई और जैसे ही झुकी, आसमान ने अपनी आदत के अनुसार उसे फिर छेड़ा।

क) अम्मा को 'माँ' भी कहा जाता है।
तो पानी को ................................ भी कहा जाता है।

ख) आसमान का विपरीत धरती होता है, तो
बूढ़ा का विपरीत ............................................ होता है।

ग) अम्मा का झगड़ा किस बात पर हुआ था?

प्रश्न 7. अपनी दादी के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखो।

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

**कक्षा 3**

## 4. मन करता है

**सीखने की संप्राप्ति : H301, H303- 08, H310**

प्रश्न 1. | मीठे-मीठे, तोता बनकर, बागों में, खाऊँ |

बॉक्स में दिये गए शब्द चुनकर पंक्तियाँ पूरी करो-

मन करता है ........................................

........................................मैं जाऊँ।

............................................................फल तोड़कर।

चोंच मारकर ................................................

प्रश्न 2. संबंधित शब्दों का उचित मिलान करो-

| | |
|---|---|
| पापा बनकर | पतंग उड़ाऊँ। |
| चिड़िया बनकर | धौंस जमाऊँ। |
| चर्खी लेकर | मूँछ बढ़ाऊँ । |
| बाबा बनकर | दौड़ लगाऊँ। |
| सूरज बनकर | शोर मचाऊँ। |

प्रश्न 3. बिंदु (ं) या चंद्रबिंदु (ँ) लगाओ।

चाद मूछ धौस

ची-ची चू-चू पतग

जमाऊ दिखाऊ लगाऊ

प्रश्न 4. इस कविता में बहुत सारे नाम आएँ हैं, उन नामों को 'संज्ञा' कहते हैं <u>संज्ञा</u> शब्द पर गोला

(◯) लगाओ।

पापा मैं सूरज कोयल

बनकर चंदा तितली बाबा

तुम काला आप चिड़िया

प्रश्न 5.  अगर आप कक्षा के मॉनिटर होते, तो आप क्या-क्या करते?

........................................................................................................................................

प्रश्न 6. आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हो?

प्रश्न 7. क) बच्चा सूरज बनकर क्या करना चाहता है ?

ख) घर में सब पर धौंस कौन जमाता है ?

ग) किसकी मूँछ बड़ी है ?

**कक्षा 3**

## 5. बहादुर बित्तो

**सीखने की संप्राप्ति : H301-03, H308, H310, H313**

प्रश्न 1. जैसे बित्तो ने साहस व समझदारी से अपनी व अपने परिवार की रक्षा की। क्या आपने भी कोई साहसिक काम किया है? चर्चा करें।

प्रश्न 2. विलोम शब्द लिखें-

सुबह - शाम
प्रश्न - ..................................................
सवाल- ..................................................
मोटा - ..................................................
खुश - ..................................................
राक्षस - ..................................................

प्रश्न 3. पालतू जानवरों और जंगल में रहने वाले जानवरों के नाम लिखें-

गाय, ..............................          शेर, ..............................
..............................          ..............................

प्रश्न 4. एक शब्द में उत्तर दें-

(i) किसान की बीवी का क्या नाम था? ..............................
(ii) बित्तो के पास कितनी गायें थीं? ..............................
(iii) कौन डर से थर-थर काँपने लगा? ..............................
(iv) बित्तो ने नाश्ते में कितने शेर खाने की बात कही? ..............................

## कक्षा 3

## 6. हमसे सब कहते

**सीखने की संप्राप्ति : H303, H305-06, H308, H310, H311**

प्रश्न 1. प्रकृति में कौन-कौन सी चीजें हैं, सोचें और चित्र बनाएँ।

प्रश्न 2. तुम्हारे पास कौन-कौन से खिलौने हैं? उनके नाम लिखें।

प्रश्न 3. सूर्य क्या फैलाता है?

प्रश्न 4. बादल धरती को क्या देता है?

प्रश्न 5. निम्न शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें-

खेल - ..........................................................................................

खबरदार - ..........................................................................................

चाँदनी - ..........................................................................................

बादल - ..........................................................................................

प्रश्न 6. इन वर्णों से आरंभ होने वाले शब्द लिखें-

स – भ -

ध – अ -

च – ड -

**कक्षा 3**

## 7. टिपटिपवा

**सीखने की संप्राप्ति : H301, H303-05, H308-09, H311-12**

प्रश्न 1. गाँव में एक धोबी रहता था। वह बारिश से परेशान था। आज सुबह से उसका गधा गायब था। सारा दिन वह बारिश में भीगता रहा और जगह-जगह गधे को ढूँढ़ता रहा लेकिन वह कहीं नहीं मिला।
धोबी की पत्नी बोली- जाकर गाँव के पंडित जी से क्यों नहीं पूछते? वे बड़े ज्ञानी हैं।

उपर्युक्त पंक्तियाँ पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें-

(i) धोबी कहाँ रहता था?

(ii) सुबह से कौन गायब था?

(iii) गाँव में ज्ञानी कौन था?

(iv) सारा दिन बारिश में कौन भीगता रहा?

प्रश्न 2. अपने आस-पास पाये जाने वाले जानवरों की सूची तैयार करो।

प्रश्न 3. शब्दों से वाक्य बनाओ:-

तरह-तरह ..........................................................................

जगह-जगह ..........................................................................

टिपटिप-टिपटिप ..........................................................................

चलते-चलते ..........................................................................

मार-मार ..........................................................................

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें-

रात - ........................

ज्ञानी - ........................

आगे - ........................

मोटा - ........................

प्रश्न 5. यदि धोबी का गधा गुम न होता, तो कहानी कैसे आगे बढ़ती? कल्पना करो।

**कक्षा 3**

**8. बंदर-बाँट**

**सीखने की संप्राप्ति : H302-06, H309-10, H313, H316, H317**

प्रश्न 1. सही(✓) और गलत(x) का निशान लगाएँ-

क) एक सफ़ेद और दूसरी काले रंग की दो बिल्लियाँ हैं। ☐

ख) सफ़ेद बिल्ली ने कहा कि रोटी पर पहला हक उसका है। ☐

ग) रोटी छीनने के बाद दोनों बिल्लियाँ बंदर के पीछे-पीछे जाती हैं। ☐


घ) काली बिल्ली ने कहा कि एक हाथ से झपटी थी या दोनों हाथों से? ☐

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से पुरुष और महिला की वेशभूषा छाँटिए व लिखिए-

पायजामा, सलवार, कुर्ता, कमीज, दुपट्टा, पगड़ी


| पुरुषों की वेशभूषा | महिलाओं की वेशभूषा |
|---|---|
| ............................................... | ............................................... |
| ............................................... | ............................................... |
| ............................................... | ............................................... |
| ............................................... | ............................................... |

प्रश्न 3. शब्दों को संबंधित चित्रों से मिलाएं।

मेंज़ 

डबल रोटी 

तराज़ू 

बिल्ली 

बंदर 

प्रश्न 4. दोनों बिल्लियाँ : आपस में झगड़ा कर बैठीं, बुद्धि अपनी खोटी।

अब पछताने से क्या होता, बंदर हड़पा रोटी।

क) किन-किन के बीच झगड़ा हुआ था?

.................................................................................................

ख) बिल्लियों की कौन-सी चीज को बंदर हड़प गया था?

.................................................................................................

ग) बिल्लियों की बुद्धि ...................................................... थी। (खोटी/नाटी)

घ) 'बंदर ने रोटी हड़प ली'। संज्ञा शब्द छाँटिए।

.................................................................................................

प्रश्न 5. जब दो मित्र आपस में झगड़ा करते हैं, तो तीसरा फायदा उठाता है? कहानी के संदर्भ में लिखें।

प्रश्न 6. एक से अनेक बनाएं-

क) मेंज़ ..........................................................

ख) बहन ..........................................................

ग) रोटी ..........................................................

घ) लड़का ..........................................................

प्रश्न 7. उचित विराम चिह्न लगाओ-

क) ठहर कहाँ भागी जाती है रोटी लेकर मेंरी

ख) रोटी तेरी कैसी तेरी रोटी मेंरी

## कक्षा 3

## 9. कब आऊँ

**सीखने की संप्राप्ति : H301, H303, H307, H310, H311, H315, H317**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) रंगाई की दुकान किसने खोली थी?

..........................................................................................।

ख) सेठ को बहुत ईर्ष्या महसूस होने लगी। इस ईर्ष्या का कारण बताइए।

..........................................................................................।

ग) अवंती ने सेठ द्वारा दिए गए कपड़े को कहाँ रखा?

..........................................................................................।

प्रश्न 2. रेखांकित शब्दों को समान अर्थ वाले शब्दों से बदलकर लिखिए-

| जलन, बड़ाई, साहस |
|---|

क) सब लोग उसकी प्रशंसा करने लगे।

..........................................................................................

ख) एक सेठ को बहुत ईर्ष्या महसूस होने लगी।

..........................................................................................

ग) उसने दोबारा दुकान में घुसने की हिम्मत नहीं की।

..........................................................................................

प्रश्न 3. उचित विराम चिह्न लगाइए।

सेठजी इस कपड़े को आप किस रंग में रंगवाना चाहते हैं

प्रश्न 4. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो-

क) कपड़ा रंगने वाला –

ख) गाँव में रहने वाला –

ग) सात दिनों का समूह –

प्रश्न 5. दिनों के नाम लिखो-

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

## 10. क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया

**सीखने की संप्राप्ति : H301, H303-06, H308-09, H314**

प्रश्न 1. बोझा ढ़ोने में कौन-कौन से जानवरों का प्रयोग किया जाता है?

..........................................................................................................................।

प्रश्न 2. खाना बनाने के लिए आजकल एल पी जी गैस का प्रयोग किया जाता है। गाँव की औरतें खाना बनाने के लिए किस ईंधन का प्रयोग करती हैं?

..........................................................................................................................।

प्रश्न 3. आजकल गेहूँ पीसने के लिए बिजली वाली चक्की का प्रयोग होता है।
पहले समय की औरतें गेहूँ को पीसने के लिए किस साधन का प्रयोग करती थी?

..........................................................................................................................।

प्रश्न 4. समान अर्थ वाले शब्द लिखो-

दोस्त - मित्र

जवाब - ..............................................

गुरु - ..............................................

प्रणाम - ..............................................

फुर्र - ..............................................

प्रश्न 5. सही क्रम में लिखें-

र्य सू - सूर्य

क् जी यो - .............................................................।

या लि स कै - .............................................................।

र ज़ा बा - .............................................................।

टी रो - .............................................................।

टा आ - .............................................................।

प्रश्न 6. सर्दी में हमें कौन-कौन सी चीज़ें खानी चाहिएँ?

प्रश्न 7. सर्दियों व गर्मियों में हमें कैसे कपड़े पहनने चाहिएँ?

प्रश्न 8. रिमझिम-3 में पृष्ठ संख्या 92 से 'सर्दी आई' कविता पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए।

# कक्षा 3

## 11. मीरा बहन और बाघ

**सीखने की संप्राप्ति : H301-08, H313**

प्रश्न 1. गाँधी जी के व्यक्तित्व की विशेषताएँ बताएँ-

क) सादा – जीवन ………………………………………………।

ख) ………………………………………………………………………।

ग) ………………………………………………………………………।

प्रश्न 2. गाँधी जी ने चरखे का प्रयोग किस काम के लिए किया था? चर्चा करें।

प्रश्न 3. एक शब्द में उत्तर दें तथा प्रश्न सूचक शब्द भी ढूँढकर लिखें।

| | उत्तर | प्रश्न सूचक शब्द |
|---|---|---|
| क) इंग्लैंड में किसका जन्म हुआ था? - | मीरा | किसका |
| ख) गेंवली गाँव के आस-पास के जंगलों में कैसे जानवर रहते थे ? | ………………… | …………………… |
| ग) उत्तर प्रदेश के एक पहाड़ी गाँव गेंवली में कौन से आश्रम की स्थापना हुई? | ………………… | …………………… |
| घ) आश्रम की स्थापना आजादी के कितने साल बाद की थी? | ………………… | …………………… |

प्रश्न 4. विलोम शब्द लिखें-

अंदर - बाहर

शाम - …………………

अधिक - …………………

बंद - …………………

दिन - …………………

खुशी - …………………

प्रश्न 5. 'कहानी की कहानी' में कौन-सी 'पंचतंत्र' की कहानी है? ढूंढकर उस पर गोला लगाओ व पढ़ो।

प्रश्न 6. कहानी / कविता को रोचक बनाने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाएँ जाते हैं। जैसे आवाज़ बदलना, आँखें मटकाना, गाना, नाचना, हाथों से इशारे करना आदि। आपका मनपसंद कार्टून पात्र इस तरह के कौन-कौन से तरीके अपनाता है?

प्रश्न 7. आओ पढ़ें तथा अपरिचित शब्दों को शब्दकोश से ढूँढकर अर्थ ग्रहण करें-

पंचतंत्र की कहानियाँ कई सौ साल पहले लिखी गई थी। दुनिया भर में ये कहानियाँ पसंद की जाती थीं। कई लोगों ने अपनी-अपनी भाषा में इस पोथी को लिखा था। जैसे- उड़िया, बंगाली, मराठी, मलयालम, कन्नड़ आदि। यहाँ पंचतंत्र की एक कहानी की एक पंक्ति दी गई है। कक्षा के बच्चों को स्वयं इसे अपनी भाषा में पढ़ने के लिए या बोलने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

## <u>सिंह-शृगाल –कथा</u>

जैसे - किसी वन के एक इलाके में वज़्रदंष्ट्र नाम का एक सिंह रहता था।

प्रश्न 8. उचित मिलान करें-

| <u>राज्य</u> | <u>भाषा</u> |
|---|---|
| उड़ीसा | मलयालम |
| बंगाल | कन्नड़ |
| महाराष्ट्र | उड़िया |
| कर्नाटक | मराठी |
| केरल | बंगाली |

## कक्षा 3

## 12. जब मुझको साँप ने काटा

**सीखने की संप्राप्ति : H301, H303-06, H310-11, H314**

प्रश्न 1. आपने नारियल के पेड़ कहाँ-कहाँ देखे हैं? लिखें।

प्रश्न 2. सही शब्द पर गोला ◯ लगाएँ–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साप | साँप | फूँक | डाट | पहुँच | सूँघ |
| उँगली | उगली | वहा | मुँह | मुँह | यहा |
| डाँट | वहाँ | फूक | पहुच | सूघ | यहाँ |

प्रश्न 3. विलोम शब्द लिखिए-

| | |
|---|---|
| छोटा - बड़ा | शाम - |
| आगे - | उदास - |
| पास - | अंदर - |

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में एक शब्द दो बार आया है। उन्हें रेखांकित कीजिए।

क) वह <u>धीरे-धीरे</u> रेंग रहा था।

ख) नानी ज़ोर-ज़ोर से चीखने-पुकारने लगीं।

ग) वह भागते-भागते घर से दूर झोंपड़ी के सामने रुके।

घ) हमारे पीछे-पीछे नानी व अन्य लोग आ पहुँचे।

ङ) सब लोगों ने बूढ़े को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

प्रश्न 5. हाँ और नहीं में उत्तर दें-

क) सूँघने के लिए साँप जीभ का प्रयोग करते हैं। ☐

ख) जहरीले साँप सिर्फ़ चार प्रकार के ही होते हैं। ☐

ग) साँप के कान नहीं होते। ☐

घ) साँप भोजन चबाते नहीं, साबुत निगलते हैं। ☐

प्रश्न 6. अगर आपको कोई जहरीला जीव काट ले, तो आप क्या-क्या उपाय करेंगे?

प्रश्न 7. चित्र देखकर चर्चा करो-



## कक्षा 3

## 13. मिर्च का मज़ा

**सीखने की संप्राप्ति : H301-03, H307-08, H310-11**

प्रश्न 1. मिलान करें-

| | |
|---|---|
| बल | मूर्ख |
| कुँजड़िन | पच्चीस पैसे |
| चवन्नी | गुस्सा |
| तबाही | आदमी |
| पुरुष | विनाश |
| क्रोध | शक्ति |
| बेवकूफ | सब्जी बेचने वाली |

प्रश्न 2. हाँ या ना में उत्तर दें-

क) काबुलीवाला कंजूस था। ☐

ख) मिर्च देखकर काबुली वाले के मुँह में पानी आ गया। ☐

ग) उसने मिर्च को कोई मौसमी फल समझ लिया था। ☐

घ) खाने के बाद उसको मिर्च का मज़ा आया। ☐

ङ) मिर्च बहुत महंगी थी। ☐

च) आपके हिसाब से क्या लाल रंग की सब चीज़े मीठी होती हैं? ☐

प्रश्न 3. एक से अनेक बनाओ-

| | |
|---|---|
| कहानी - | कहानियाँ |
| दाना | ........................................ |
| सब्जी | ........................................ |
| आँख | ........................................ |
| बिल्ली | ........................................ |
| पैसा | ........................................ |

प्रश्न 5. सही करके लिखो:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नी | पा | | - | ........................................ |
| ख | आँ | | - | ........................................ |
| मी | आ | द | - | ........................................ |
| पा | सि | ही | - | ........................................ |
| ल | का | बु | - | ........................................ |

**कक्षा 3**

## 14. सबसे अच्छा पेड़

**सीखने की संप्राप्ति : H301-08, H310-11**

प्रश्न 1. आपने कौन-कौन से पेड़ देखे हैं? उनके नाम लिखो।

..............................................................................................................

प्रश्न 2. पेड़ों से हमें क्या-क्या मिलता है?

..............................................................................................................

प्रश्न 4. हम घरों में अचार किस-किस चीज़ का बनाते हैं?

..............................................................................................................

प्रश्न 5. वाक्य बनाओ-

i) गरम-गरम - पूरी गरम-गरम थी

ii) तोड़-तोड़ - हम आम ........................ कर खाते हैं?

iii) मीठा-मीठा - .............................................................

iv) चलते-चलते - .............................................................

v) टप-टप - .............................................................

vi) एक-एक - .............................................................

vii) खर-खर - .............................................................

viii) तरह-तरह - .............................................................

प्रश्न 6. एक शब्द में उत्तर दें:-

(i) 'सबसे अच्छा पेड़' पाठ में कितने भाई थे?

(ii) बड़े भाई ने अपनी झोंपड़ी कौन-से पेड़ के पास बनाई?

(iii) दूसरे भाई ने कौन-से पेड़ के पास रहना स्वीकार किया?

(iv) पाठ में आए पेड़ों में से कौन-सा पेड़ सबसे ऊँचा था?

(v) बीमार होने पर हमें कौन-से पेड़ की टहनी या पत्ते दरवाजे पर लटकाने चाहिएँ? नाम बताओ।

प्रश्न 7. नीम के पेड़ की उपयोगिता बताओ।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न 8. रिमझिम-3 के पृष्ठ संख्या 133 से 'पत्तियों का चिड़ियाघर' कविता पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

# उपलब्धि पत्रक
## (सुझावात्मक)

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संकुल (क्लस्टर) क्रमांक | | | विद्यालय नाम | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| छात्र नाम | | | अनुक्रमांक | | | | | | कक्षा | | | | | | | | | | | |
| सीखने की संप्राप्ति विवरण | अप्रैल | | मई | | जुलाई | | अगस्त | | सितम्बर | | अक्टूबर | | नवम्बर | | दिसम्बर | | जनवरी | | फरवरी | |
| छात्र उपस्थिति ⇨ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| परिमापक ⇩ | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड |
| कविता/कहानी वाचन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| चर्चा (जैसे वार्तालाप चित्र चित्रण) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| वर्णमाला | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मात्राएँ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| पुस्तक पठन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| व्याकरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| रचनात्मक अभिव्यक्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट ग्रेड रिपोर्ट कार्ड के अनुसार :